मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-301
04/09/2019

स्व0 सुबेलाल सिंह, स्व0 जितेंद्र कुमार एवं स्व0 गणेश रविदास के शोक संतप्त परिजनों से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

पटना 04 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिला स्थित चंडी प्रखंड के ग्राम अरौत में भूतपूर्व मुखिया स्व0 सुबेलाल सिंह एवं स्व0 जितेंद्र कुमार के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। परिजनों से मुलाकात के पूर्व मुख्यमंत्री ने भूतपूर्व मुखिया स्व0 सुबेलाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात नालंदा जिले के नगरनौसा प्रखंड स्थित सैदपुरा गांव जाकर मुख्यमंत्री ने स्व0 गणेश रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धाजंलि दी। श्रद्धांजलि देने के पश्चात स्व0 गणेश रविदास के परिजनों को मुख्यमंत्री ने ढांढस बँधाया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री नीरज कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री शक्ति सिंह यादव, विधायक श्री रवि ज्योति, पूर्व विधायक ई0 सुनील, पूर्व विधान पार्षद श्री राजू यादव, पूर्व विधायक श्री अरुण मांझी, बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री विद्यानंद विकल, बिहार राज्य महादलित आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्री हुलेस मांझी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******